बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-353
09/06/2023

# मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर के लखनपुरा में हुये सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

**पटना, 09 जून 2023 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पटना जिले के बख्तियारपुर के लखनपुरा में स्टेट हाइवे– 106 पर हुये सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने इस सड़क हादसे में घायल लोगों के समुचित इलाज के भी निर्देश दिए हैं, साथ ही उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

******